524

दृष्टि The Vision

drishti

# GENERAL STUDIES (Test–21)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय: तीन घंटे<br>*Time allowed: Three Hours* | अधिकतम अंक: 250<br>*Maximum Marks: 250* |

## GSM (M-I)-2421

**Name:** Ritik Arya **Mobile Number:**

**Medium (English/Hindi):** Hindi **Reg. Number:** 3094

**Center & Date:** M.N., 6/09/24 **UPSC Roll No. *(If allotted)*:** 0008386

### प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:***

*इसमें **बीस** प्रश्न हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।*

*प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।*

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and **ENGLISH.***

*All the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

**केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए *(To be filled by Evaluator only)***

| Question Number | Marks | Question Number | Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | | 11. | |
| 2. | | 12. | |
| 3. | | 13. | |
| 4. | | 14. | |
| 5. | | 15. | |
| 6. | | 16. | |
| 7. | | 17. | |
| 8. | | 18. | |
| 9. | | 19. | |
| 10. | | 20. | |
| Grand Total ( सकल योग ) | | | |

मूल्यांकनकर्त्ता ( हस्ताक्षर )
*Evaluator (Signature)*

पुनरीक्षणकर्त्ता ( हस्ताक्षर )
*Reviewer (Signature)*

# Feedback

1. Context Proficiency (संदर्भ दक्षता)
2. Introduction Proficiency (परिचय दक्षता)
3. Content Proficiency (विषय-वस्तु दक्षता)
4. Language/Flow (भाषा/प्रवाह)
5. Conclusion Proficiency (निष्कर्ष दक्षता)
6. Presentation Proficiency (प्रस्तुति दक्षता)

drishti | दृष्टि The Vision

1. प्राथमिक शैलों की विशेषताओं का वर्णन कीजिये। ये कितने प्रकार के होते है? (150 शब्द) 10
Outline the features and classifications of primary rocks. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत मे शैलो की एक समृद्ध विरासत पायी जाती है लावा के बाद आग्नेय चट्टानो का निर्माण होता है जो प्राथमिक शैलों के निर्माण मे सहायक है।

**विशेषताएँ**

- खनिजो की प्राप्ति → सोना, → चांदी, → लोहा, → अभ्रक
- आगे ज्वालादो चट्टानो के निर्माण मे
- भारत के भूगर्भ के अध्ययन मे।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

- **प्रकार**
  - बेसाल्टिक
  - नीस
  - धारवाड

चूँकि ये अत्यधिक नीचे पायी जाती है तथा इनका वितरण समान नहीं है तो निष्कर्षण कठिन है परंतु ये उद्योग व खनिज संसाधन का आधार है

drishti | दृष्टि The Vision

2. भारत सरकार अधिनियम 1858 ने ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश क्राउन को सत्ता हस्तांतरित कर दी। हालाँकि भारत में प्रचलित शासन प्रणाली पर इसका कोई असर नहीं पड़ा और ये परिवर्तन कृत्रिम थे। समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये।

(150 शब्द) 10

The Government of India Act 1858 transferred the power from the East India company to the British Crown. However, the system of government that prevailed in India was hardly affected. The changes made were artificial. Critically analyze. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

1857 की स्वतंत्रता क्रांति ने ब्रिटिशो को भयभीत कर दिया। जिसके कारण ऐसा दुबारा न हो उस परिप्रेक्ष्य मे ब्रिटिश सरकार 1858 का भारत शासन अधि. लायी।

भारत सरकार अधि० 1858 के प्रावधान

1. भारत का शासन प्रत्यक्ष: ब्रिटिश क्राउन ने ले लिया।
2. गवर्नर जनरल के पद को वायसराय मे परिवर्तित कर दिया और लार्ड केनिंग प्रथम वायसराय बने
3. 15 सदस्यीय भारत सचिव के पद का सृजन
4. प्रसार की नीति का त्याग तथा भारतीय राजाओं को ही सत्ता।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

परंतु ये सुधार मात्र दिखावा है। इसे हम निम्न प्रकार से आलोचना कर सकते -

1. भारतीयों को शासन मे कोई हिस्सेदारी नही मिली।
2. प्रशासन मे नस्लीय विभाजन को प्रोत्साहन
3. प्रमुख विभाग (जैसे तोपखाना) ब्रिटिशो को दे दिया गया
4. अब शासन मे और केन्द्रीयकरण आया (ब्रिटिश क्राउन) तथा भारतीय राजा सामंत बनकर रह गए
5. हिन्दू-मुस्लिम तुष्टीकरण चालू
6. किसानों को गरीबा व अकाल से कोई लाभ नही
7. धन का हस्तांतरण चालू

अतः यह परिवर्तन मात्र ढाँचा के स्तर पर किए गए तथा भारतीयों का शोषण जारी रखा गया।

3. चक्रवात प्रवण क्षेत्रों के लिये IMD द्वारा जारी किये गए रंग कोडित मौसम चेतावनियों के महत्त्व पर प्रकाश डालिये।

(150 शब्द) 10

Highlight the significance of colour coded weather warnings for cyclone prone areas given by IMD.

(150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत मे चक्रवात मुख्यत: बंगाल की खाड़ी मे आते है परंतु जलवायु परिवर्तन व समुद्री सतह के बढ़ते तापमान के कारण यह अरब सागर मे भी आ रहे तथा इनकी बारम्बारता और विध्वंसकता अब और बढ़ गयी।

इस संबंध मे लोगो को चेतावनी व तैयारी के लिए भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी रंग कोड →

- हरा ⟶ यह कोई चिंता न करें
- पीला ⟶ यह तैयार रहने
- नारंगी ⟶ सुरक्षा के लिए इंतजाम
- लाल ⟶ यह चक्रवात की विनाशता और जानमाल की नुकसान
- मैजेन्टा ⟶ यह चक्रवात के अत्यधिक भीषणता को प्रदर्शित करता जो बहुत बड़े स्तर पर हानि।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

इसका महत्व →

(1) यह लोगों को तैयार रहने व पहले से अपने लिए आवश्यक संसाधनों के इकट्ठा करने को कहता

(2) इससे लोगो को चक्रवात की भीषणता का पता लगता जैसे पीले मे सावधानी तो लाल मे अत्यधिक विनाश का

(3) यह एनडीआरएफ व लोकल सुरक्षा बल को तैयार रहने व लोगो का पहले से निष्कासन करने

(4) यह राज्य सरकार व केन्द्र सरकार मे समन्वय बनाता।

(5) यह भारत की आपदा पूर्व क्रियाशीलता का द्योतक है।

भारत मे हाल मे अम्फान, बिपरजॉय, मोचा जैसे चक्रवात आए है परंतु IMD की तैयारी ने इन्हें भारत मे जान माल के नुकसान को नहीं करने दिया।

drishti | दृष्टि The Vision

4. वैदिक काल ने साहित्य, धर्म और दर्शन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

The Vedic period has contributed immensely to various fields such as literature, religion and philosophy. Discuss. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत का वैदिक काल 1500-500 ई.पूर्व. को माना जाता है। यह एक ग्रामीण संस्कृति थी। यह दो भागों तरग वैदिक काल व उत्तर वैदिक काल मे विभाजित है। इसका निम्न

**योगदान** →

**साहित्य** → ऋग्वेद, सामवेद, युजर्वेद अथर्ववेद ने भारत मे वैदिक इतिहास व संस्कृति, प्रशासन के बारे मे सूक्ष्म अध्ययन दिया।

इसने ग्रामीण संस्कृति, वैदिक आर्यो के घुमक्कड़ जीवन तथा सभा, समिति, विदथ, गण के बारे मे ज्ञान।

यह वैदिक लोगों के सौन्दर्य बोध व उनकी सभ्यता के परिचायक थे।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(धर्म और दर्शन) →

ऋग्वेद, अथर्ववेद के बाद ब्राह्मण, अरण्यक व उपनिषदों धर्म के साथ-2 दर्शन का भी उल्लेख किया। जिसकी विशेषताएँ निम्न →

① पुरुष देवता यथा ऋग्वैदिक काल में अग्नि, इन्द्र, वायु तो उत्तरवैदिक काल में प्रजापति, रुद्र आदि प्रमुख

② इन्होंने मूर्तिपूजा नहीं की।

③ यज्ञ के अनुष्ठान व मंत्रों की व्याख्या

④ अरण्यक ने तप तो उपनिषदों ने मोक्ष का आधार रखा

⑤ अथर्ववेद जैसे ग्रंथ चिकित्सा के बारे

⑥ सामवेद ने संगीत व मंत्रों के उच्चारण का आधार रखा।

अतः वैदिक काल भारत की विरासत को द्योतक है तथा आज की सनातन संस्कृति का आधार है)

5. 'दक्कन ट्रैप' पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन क्षमता धारित करता है। स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10

The 'Deccan Trap' holds substantial natural resource potential. Elucidate. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

प्रायद्वीपीय भारत मे दक्कन ट्रैप का निर्माण गोण्डवानालैण्ड के निर्माण के क्रम मे हुआ। इसका निर्माण हॉट स्पोट के ऊपर गुजरने व बेसाल्टिक लावा के प्रवाह के कारण हुआ।

**दक्कन ट्रैप और प्राकृतिक संसाधन**




(1) यह काली मिट्टी का क्षेत्र है जिससे यहाँ कपास की खेती प्रमुखता से होती।

(2) यह गोण्डवानालैण्ड का भाग है यहाँ खनिज जैसे लोहा, मैंगनीज, आदि प्राप्त होते।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(3) यहाँ पश्चिमी घाट के सहारे होने के कारण उच्च जैव-विविधता है।

(4) यह पवन ऊर्जा का प्रमुख क्षेत्र है।

(5) यह खट्टे फलों यथा नीबू, संतरा का मुख्य क्षेत्र

(6) इसका कुछ भाग विन्ध्य व सतपुड़ा श्रेणी में आता है जिससे यहाँ प्राचीन चट्टान पायी जाती है जैसे- धारवाड़ व विन्ध्य की

अतः दक्कन ट्रैप प्रायद्वीपीय भारत में महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, गुजरात प्रदेशों के खेती का आधार व निर्माण क्षेत्र में सहायक है।

6. ब्रिटिश आर्थिक नीतियों ने भारतीय पारंपरिक उद्योगों और कृषि को किस प्रकार नुकसान पहुँचाया? (150 शब्द) 10

Explain how British economic policies hurt the Indian traditional industries and agriculture. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

1757 के प्लासी युद्ध के बाद से ही ब्रिटिश भारत से अधिक से अधिक लाभ कमाना चाहते थे। इसी क्रम मे उन्होने भारत की कृषि व पारंपरिक उद्योगो को प्रतिः विरूपित कर दिया।

नुकसान

- बंगाल मे रॉबर्ट क्लाइव के द्वैध शासन ने बंगाल के किसानों व उद्योगो को चौपट कर दिया।
- स्थायीबन्दोबस्त ने किसानों को बन्धुआ मजदूर और जमींदारो को सामंत बना दिया। किसान लगान के बोझ तले दब गए।
- महालवाड़ी पद्धति ने गांवो के मुखिया को अधिकार देने के कारण किसानों को गहरा जाल मे फसा दिया और कृषि नष्ट कर दी

• रैय्यतवाड़ी पद्धति मे ब्रिटिशो ने किसानो का प्रत्यक्ष शोषण किया।

• सूती वस्त्र उद्योग को ब्रिटिश निर्मित कपड़ो ने चट किया

• भारत को कच्चे माल का निर्यातक बनाने के कारण भारत का उद्योग पूर्णत: चौपट हो गया।




• पारंपरिक शिल्पकार गांवो की तरफ लौटे और किसानी मे प्रच्छन्न बेरोजगारी और दबाव उत्पन्न हुआ।

• नगदी फसल के प्रयोग के कारण मोटे अनाज, गेहूं पर दुष्प्रभाव पड़ा जिससे अकाल और भुखमरी की घटना उत्पन्न हुई।

यही प्रतिकूल नीतियो ने आज तक भारत के कृषि व उद्योग मे समस्या उत्पन्न की।



उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

7. विवाह की पारंपरिक पद्धति पर 'समलैंगिक विवाह' के प्रभावों का अन्वेषण कीजिये। (150 शब्द) 10

Explore the impact of 'same-sex marriage' on the traditional institution of marriage. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत मे विवाह हिन्दू धर्म मे संस्कार तो मुस्लिमो मे अनुबंध है। यह परिवार को चलाने व प्रजनन का अधिकार है।

भारत मे प्राचीन समय अनुलोम व प्रतिलोम विवाह और फिर मिताक्षरा विधि से विवाह का प्रावधान रहा है। वर्तमान मे समलैंगिक विवाह जिसमें विषमलैंगिक की जगह समान लिंग के रूप मे विवाह होता है। जैसे - प्रचलित रूप मे लेस्बियन, गे मैरिज कहते है।

(समलैंगिक विवाह का प्रभाव)

नकारात्मक प्रभाव / विपक्ष

- प्रजनन की वैधता व जनसंख्या वृद्धि मे समस्या।
- सामाजिक व्यवस्था पर चोट।
  - ↳ अस्थिरता बढ़ जाएगी

- धार्मिक लोगो से खतरा
जैसे- शरिया मे इस पर मौत की सजा।

- परिवार के मूल्यों व संस्था को चुनौती

- अभी भी भारत का समाज इसको लेकर तैयार नही है।

**पक्ष मे तर्क**

- लोगो की च्वाइस (पसंद) की स्वायत्ता (अनु. 21)
- यह एक प्राकृतिक घटना है जिसमें समान लिंग मे आकर्षण हो
- यह अनाथ बच्चों को गोद लेकर व्यवस्था बनाए रख सकते।
- दुनिया के लगभग 30 से अधिक देशों मे विवाह का अधिकार

अतः नवतेज सिंह जौहर केस मे SC ने समलैंगिकता (377) को अपराधमुक्त किया था परंतु अभी हाल के निर्णय के बाद 'सिविल यूनियन' को लेकर और समय लगेगा।

8. भारत पवन ऊर्जा की पर्याप्त क्षमता रखता है, लेकिन इसका स्थानिक वितरण सीमित है। वर्णन कीजिये। (150 शब्द) 10

India has substantial wind energy potential, but its spatial distribution is limited. Explain. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत के पास 7600 किमी. का तट है जिसके सहारे पवन ऊर्जा प्रचुरता से लगी हुई है। वर्तमान में 60 गीगावाट के लक्ष्य के हम करीब है। ऐसे में डेनमार्क, नीदरलैंड जैसी सफलता के लिए लगातार प्रयासरत है।

नवीनीकरण ऊर्जा → भारत का लक्ष्य — 2070 कार्बन न्यूट्रल
2050 तक 500 GW

**क्षमता**

- लम्बे तट होने के कारण यह पर्याप्त पवन की व्यवस्था करता है।
- भारत का पश्चिमी घाट इसके लिए अनुकूल दशाएँ निर्मित करता



- गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक राजस्थान जैसे क्षेत्र पवन ऊर्जा के लिए अनुकूल मौसम व जलवायु प्रदान करते।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

- थार रेगिस्तान, कच्छ के पर्याप्त विशाल क्षेत्र उपस्थित जिसमें आसानी से विन्ड टरबाइन व क्लस्टर लगायी जा सकती।

परंतु (स्थानिक वितरण) में चुनौतियाँ

- यह तेज हवा पर आधारित है परंतु पूर्वी घाट इसके अनुकूल नहीं
- गुजरात, राज., महा., कर्नाटक, तमिलनाडु को छोड़कर अन्य राज्यों में नहीं
- पूंजी की अपर्याप्तता तथा अभी भी कोयले पर निर्भर रहने के कारण राज्य सरकार प्रोत्साहित ज्यादा नहीं हो रहीं।

अतः भारत की 2018 की पवन व सौर हाइब्रिड नीति तथा पेरिस व ग्लासगो के लक्ष्यों और नवीनीकरणीय ऊर्जा के लिए पवन ऊर्जा प्रमुख है

drishti | दृष्टि The Vision

9. गृह से कार्य (वर्क फ्रॉम होम) से पारिवारिक परिदृश्य पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का परीक्षण कीजिये। (150 शब्द) 10

Explore the positive and negative impacts of work-from-home on family dynamics. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

कोविड के समय से दुनिया मे गृह से कार्य का प्रचलन तेज हो चुका है। यह पारंपरिक ऑफिस पद्धति के विपरीत है।

सकारात्मक प्रभाव

① इससे लोगों की ऑफिस जाने की ऊर्जा अर्थात समय व संसाधन को बचाया। जिससे परिवार पर ध्यान

② यह मल्टीटास्किंग अर्थात अतिरिक्त व्यक्ति समय मे दूसरे कार्य मे लगाना तथा परिवार के कार्य मे सहायता।

③ यह बच्चों को पर्याप्त समय देने तथा पारिवारिक मूल्यों के विकास मे सहायक।

④ माता-पिता के देखभाल मे प्रत्यक्ष फायदा। माइग्रेशन के लिए घर नहीं छोड़ना

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## नकारात्मक प्रभाव

1. ऐसा देखा गया कि घर में स्वतंत्रता बाधित, बच्चों के निजी जीवन में ज्यादा दखल।
2. ज्यादा घर में रहने के कारण तनाव व पारिवारिक दंपत्ति में झगड़े।
3. भविष्य में कार्यालय जाने में आनाकानी। मूनलाइटिंग के कारण जॉब पर खतरा तथा परिवार की आय पर संकट।

अतः ऐसे में हाइब्रिड नीति ज्यादा सही हो सकती है जहाँ कुछ दिन वर्क फ्रॉम होम तथा कुछ दिन कार्यालय से किए जा सकते हैं जैसा कि नए स्टार्टअप व निजी कंपनियों में दिख रहा है।

drishti | दृष्टि The Vision

10. गुप्त काल में कालिदास के साहित्यिक महत्त्व और योगदान पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

Discuss the literary significance and contributions of Kalidasa of the Gupta period. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

गुप्तकाल (300AD – 600AD) भारत के इतिहास का स्वर्णकाल माना जाता है इसने कला में अभूतपूर्व वृद्धि की। यह साहित्य निर्माण में क्लासिकल मानदण्डों पर आधारित है

कालिदास का साहित्यिक महत्व

(1) काव्य → मेघदूतम् → मेघ द्वारा संदेश

रघुवंशम → राम की प्रीत के साथ समुद्रगुप्त की विजय

→ इसने भारत के भावात्मक सौन्दर्यबोध का अनुभव कराया

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(2) नाटक → विक्रमोर्वशीयम्
- उर्वशी व विक्रम की कहानी
- मालविकाग्निमित्रम्
  - → प्रेम प्रसंग

→ यह प्रेम कहानी व सौन्दर्यात्मक बोध का अध्ययन

(3) योगदान
- → संघर्ष का महत्त्व
- → साहित्यिक समृद्धि
- → गुप्तकाल का इतिहास
- → समाज का ज्ञान

अतः कालिदास भारत के साहित्य के क्षेत्र में हो चाहे नाटक में अन्य ख्यात अविस्मरणीय है।

11. महासागरीय धाराओं को निर्धारित करने वाले कारकों एवं वैश्विक मत्स्य उद्योग पर इसके प्रभावों का परीक्षण कीजिये।

(250 शब्द) 15

Examine the factors that determine ocean currents and their influence on the global fishing industry.

(250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

महासागरीय धाराएँ महासागरों के तापमान, लवणता, क्षेत्र के मौसम, जलवायु तथा लोगों के जीवन पर अपना प्रभाव छोड़ती है। यह गर्म व ठंडी दोनों होती है



महासागरीय धाराओं को निर्धारित करने वाले **कारक** →

(1) तापमान → जल ठंडे स्थान से गर्म स्थान की ओर

(2) लवणता → लवणता घनत्व बढ़ाती है उच्च लवणता से निम्न लवणता की ओर

(3) व्यापारिक व पछुआ व ध्रुवीय पवनें → यह व्यापारिक पवन पूर्व से पश्चिम तो पछुआ पश्चिम से पूर्व धारा का प्रवाह करती।




(4) जलराशियाँ → यह जल की अधोमुखी गति करती तथा वृहत क्षेत्र में जल का उत्प्रवाह करती

(5) कोरियोलिस बल → यह उत्तरी गोलार्द्ध में दाहिने व दक्षिणी में बायें मोड़ देता है

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(वैश्विक मत्स्य उद्योग पर प्रभाव)

(1) ठंडी धारा प्लैंकटन को लाती है जिससे मत्स्य क्षेत्र का विकास

(2) गर्म व ठंडी धारा के मिलने से उच्च मत्स्य क्षेत्र विकसित जैसे → कैलिफोर्निया व लैब्राडोर की धारा मिलने से।

(3) गर्म जल धारा मत्स्य को प्रभावित करती। वर्तमान में समुद्री सतह का बढ़ता तापमान व शैवाल प्रस्फुटन जैसी घटना डेड जोन का निर्माण कर रही

(4) यह अपने साथ पोषक तत्वों का प्रवाह (यथा लार्वा) जो मत्स्य उद्योग का विकास।

अतः आज जलवायु परिवर्तन व अधारणीय मत्स्यन पद्धति ने मत्स्य उद्योग को चुनौती पेश की है अतः सतत विकास लक्ष्य SDG-14 (जल पर जीवन) जरूरी है

12. कुमाऊँ, गढ़वाल, हिमाचल और कश्मीर की पहाड़ियों में वास्तुकला की अद्वितीय शैलियाँ किस प्रकार विकसित हुई हैं? उदाहरणों के साथ वर्णन कीजिये। (250 शब्द) 15

How did unique forms of architecture develop in the hills of Kumaon, Garhwal, Himachal and Kashmir? Enumerate with examples. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

मुगल काल में औरंगजेब के शासक बनने के बाद तथा उसके द्वारा प्रतिबंध लगाने के बाद अनेक क्षेत्रीय शैलियों का विकास हुआ। जिनमे से पहाड़ी शैली भी प्रमुख है

**विकास**

→ मुगल दरबार के चित्रकार, वास्तुकार यहाँ गए तथा स्वतंत्र शैलियों का विकास हुआ।

→ यहाँ की शैली यहाँ के मौसम के अनुकूल है

उदा → ढलान का निर्माण बांस के आधार पर

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

→ लकड़ी (चीड़, देवदार) का प्रयोग

→ शिमला, धर्मशाला जैसे शहरों के विकास मे अंग्रेजों का योगदान रहा है

→ घाटी मे मंदिरों यथा ज्वालादेवी नैना देवी को स्थानीय शासकों का संरक्षण

→ यह नागर व द्रविड़ दोनों से अलग मंदिरों का विकास जो पहाड़ो के अनुकूल।

→ कश्मीर मे सूर्य देवता का मार्तण्ड मंदिर पहले से ही था जिसका वर्णन कल्हण की राजतरंगिणी मे किया।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अतः यह अंग्रेजी भारतीय व स्थानीय परंपराओं का अद्भुत मिश्रण है जो आज भी हमारी विरासत को बनाए हुए है

13. भारत में दलीय-राजनीतिक पंथनिरपेक्षता ने संवैधानिक राजनीतिक पंथनिरपेक्षता के सिद्धांतों को किस तरह से कमज़ोर किया है? (250 शब्द) 15

In what ways has party-political secularism undermined the principles of constitutional political secularism in India? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत की पंथनिरपेक्षता फ्रांस या अमेरिका की तरह नहीं। भारत मे सर्वधर्म-समभाव को महत्व दिया गया है। ऐसे में दलों की पंथनिरपेक्षता ने संविधान की पंथनिरपेक्षता (अनु. 25-30) पर अनेक चुनौतियाँ पेश की तथा उसे कमजोर किया -

① ध्रुवीकरण → वोट बैंक के लिए हिन्दू-मुस्लिम करने से देश मे वैमनस्यता मे वृद्धि, दंगे (दिल्ली दंगा-2020)

(इससे अनु. 27 सर्वधर्मसमभाव का उल्लंघन)

② तुष्टीकरण → अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के कारण बहुसंख्यक मे भय का निर्माण (हिन्दू राष्ट्र का नारा)

(एकता व बन्धुता पर चोट)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(3) चुनावों में ध्रुवीकरण → धर्मों के नेता एक दूसरे के धर्म के प्रति उन्माद व लोकप्रशासन को भंग करने जैसे वक्तव्य।

(4) पार्टियों में धर्मों के आधार पर नीति निर्माण। जैसे- मंदिर या मस्जिद का निर्माण समर्थन

(5) मंत्रियों या टिकट वितरण के समय योग्यता से ज्यादा धर्म पर महत्व।

(6) धर्म के नाम पर पार्टी का गठन जैसे → केरला की मुस्लिम लीग, महाराष्ट्र की शिव सेना

(7) पंथनिरपेक्षता का एक आशय- वैज्ञानिक सोच व भौतिकतावाद

से भी है परंतु दलों ने प्राचीन रूढ़िवादिता का समर्थन किया।
जैसे → हिजाब का समर्थन (कर्नाटक)
→ बाल विवाह का समर्थन (राज०)

(D) यह अंतर्वाद में वृद्धि करता है असुरक्षा का निर्माण करता है लोगों में साम्प्रदायिकता की बढ़ोत्तरी करता है जिसका परिणाम मॉब लिंचिंग जैसी घटना भी होती है।

अतः सरकार, नागरिक समाज पार्टियों व जनता को आगे आकर इसका ठोस समाधान करना चाहिए। लोगों में आपसी विश्वास व बन्धुता का निर्माण करना चाहिए। संविधान के आदर्शों को प्राप्त करना चाहिए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

14. रबड़ उत्पादन के वैश्विक वितरण पर चर्चा कीजिये और रबड़ उत्पादक देशों को प्रभावित करने वाले प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रकाश डालिये। (250 शब्द) 15

Discuss the global distribution of rubber production and highlight the major environmental issues affecting rubber producing countries. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

रबड़ विषुवतीय व उष्णकटिबंधीय जलवायु का हिस्सा है यह रबड़ उद्योग यथा टायर, रबड़ आदि के निर्माण मे सहायक है

आवश्यक दशाएँ

1. उच्च वर्षा (200 cm+)
2. उच्च तापमान (28°C +)
3. जलोढ़ या लेटेराइट मिट्टी
4. नमी (आर्द्रता ज्यादा)

वैश्विक वितरण

→ ~~प्रमुख~~ विषुवतीय प्रदेश

यथा → इंडोनेशिया
→ मलेशिया
→ थाइलैण्ड
→ ब्राजील

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

→ भारत में → केरल
→ उ. पूर्व




## प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे

① जलवायु परिवर्तन व वैश्विक तापन
↳ ताप प्रतिबल उत्पन्न कर रहा उत्पादकता कम हो रही

② वर्षा पैटर्न में बदलाव
↳ सूखे के समस्या

(3) कम निर्माण का निर्यात
↳ सूखे के कम वर्षा में

(4) कृषि गहन फसल

(5) कार्बन उत्सर्जन उद्योग

(6) WTO में (सब्सिडी) को लेकर

(7) जैवविविधता को चुनौती
यथा ↳ केरल में मंकी को

अतः वर्तमान में यह विनिर्माण के उद्योग का आधार है भारत में रिकॉर्ड इसके लिए कार्य करता है

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

15. "भारत में वास्तविक महिला सशक्तीकरण को साकार करने के लिये कल्याण-आधारित दृष्टिकोण से प्रतिनिधि-आधारित दृष्टिकोण की ओर परिवर्तन आवश्यक है।" संसद में हाल ही में पारित महिला आरक्षण अधिनियम के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिये। (250 शब्द) 15

"Transitioning from a welfare-based approach to an agent-based approach is essential for realizing true women empowerment in India." Evaluate this statement in the context of the recently passed Women's Reservation Act in Parliament. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

महिला सशक्तीकरण से आशय महिलाओं को सशक्त बनाने से है। जिसमे सब समय कल्याण के साथ-2 उनका नेतृत्व व प्रतिनिधित्व का हो।

संसद ने 106 वें संशोधन अधि॰ नारी शक्ति वंदन अधि॰ द्वारा 33% आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को दिया।

कल्याण आधारित दृष्टिकोण की कमियाँ

- इसमें महिलाओं को सुविधा तो मिलती पर पितृसत्तात्मक व्यवस्था बनी रहती।
- महिला का प्रतिनिधित्व न होने के कारण संसद या विधानसभा से महिला दृष्टिकोण पर आधारित नीति नहीं बनती।

- प्रतिनिधित्व न होने के कारण सार्वजनिक जगह पर महिला अवसंरचना का आभाव जैसे → कई पुलिस स्टेशन मे अभी भी महिला शौचालय नहीं
- श्रम भागीदारी दर मे बढोतरी नही अभी भी मात्र 37% ~~है~~ जबकि ग्लोबल 47% है।
- संपत्ति पर हक नही (भारत मे 85% पुरुष विरासत पुत्रों के पास)

ऐसे मे प्रतिनिधित्व के

लाभ →

(i) महिला आरक्षण अधि. से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी। वर्तमान मे मात्र 13.6% (74 सांसद) महिला सांसद है जबकि इससे 33% हो जाएगा। (ADR)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(2) महिला केन्द्रित नीति निर्माण

(3) श्रम भागीदारी दर में बढ़ोत्तरी

(4) SDG लक्ष्य 5 लैंगिक असमानता को खत्म कर समानता की ओर अग्रसर

(5) जेण्डर गैप में सुधार (वर्तमान WEF → 127/146)
↳ 60.4% गैप

(6) कुछ लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि कल्याण व प्रतिनिधित्व आधारित नीतियों का समन्वय समग्र कल्याण व प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करेगा।

(7) पंचायत में महिला आरक्षण (73वें व 74वें संशोधन) में पंचायत पति की भावना दूर व महिला स्वयं नेतृत्व करेगी।

अतः प्रतिनिधित्व व कल्याण समग्र दृष्टिकोण महिला सशक्तीकरण में सहायक है जो भारत के 2047 के विकसित भारत को सम्भव करेगा।

16. जलडमरूमध्य और स्थलडमरूमध्य (इस्थमस) वैश्विक व्यापार को कैसे प्रभावित करते हैं वर्णन कीजिये। (250 शब्द) 15

Explain how straits and isthmuses influence global trade. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

जलडमरूमध्य से दो स्थानों को अलग व दो सागरों को जोड़ना जबकि स्थलडमरूमध्य से आशय इसके विपरीत दो स्थल को जोड़ने से है दुनिया मे यह व्यापार का महत्वपूर्ण बिन्दु है।

वैश्विक व्यापार को प्रभावित

- मलक्का इस्थमस → यह हिन्द-महासागर और द० चीन सागर मे महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र है वर्तमान मे चीन के आक्रामक द० चीन सागर नीति (9'Line) के लिए उसका मलक्का डायलेमा उत्तरदायी है
- जिब्राल्टर जलसंधि → यह भूमध्य सागर व अटलांटिक मे व्यापार

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

का विशेष क्वाइंट है यूरोप के लिए दुनिया विशेषकर एशिया के लिए प्रमुख बिन्दु है

- पाक जलसंधि → भारत & श्रीलंका के मध्य

- 


- पनामा जलसंधि → प्रशांत व अटलांटिक में व्यापार का प्रमुख केंद्र

- स्वेज नहर → विश्वव्यापार का 40-50%
  ↳ लाल सागर व भूमध्यसागर के मध्य

वर्तमान में हूती संकट

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

- लुम्बोन संधि → द. चीन सागर व प. प्रशांत सागर
- बेरिंग स्ट्रेट → रशिया (Russia) व अमेरिका को अलग करता है
- बॉस्फोरस & डार्डनेलीज → यह कालासागर व भूमध्यसागर के मध्य मार्ग प्रदान करती है पूर्वी यूरोप को मार्ग प्रदान (Grain Initiative → कालासागर करती। वर्तमान में रूस, यूक्रेन संघर्ष के समय यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है
- कर्च स्ट्रेट → यूक्रेन पर रशिया के पकड़ के लिए। रूस ने इस पर अधिकार

अतः यह दुनिया के चोक प्वाइंट होते है इनसे व्यापार के साथ-2 सामरिक विदेश नीति के निर्माण में भी सहायक है

17. दक्षिण-पूर्व एशिया की धार्मिक अभिव्यक्ति और स्थापत्य परिदृश्य को आकार देने में भारतीय संस्कृति की भूमिका पर चर्चा कीजिये और इस संदर्भ में क्षेत्र के विभिन्न देशों से उदाहरण भी दीजिये। (250 शब्द) 15

Discuss the role of Indian culture in shaping the religious expression and architectural landscape of Southeast Asia. Provide examples from different countries in the region. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत का दक्षिणी पूर्वी एशिया से प्राचीन संबंध है इसने द० पूर्व एशिया मे संस्कृति निर्माण व स्थापत्य के निर्माण मे योगदान दिया / यह आज हमारी एक्ट ईस्ट नीति मे भी दिखता है

धार्मिक अभिव्यक्ति और स्थापत्य परिदृश्य मे भारतीय संस्कृति का योगदान —:

(1) चोल साम्राज्य ने इंडोनेशिया के जावा व सुमात्रा पर विजय प्राप्त करके वहाँ अपना साम्राज्य स्थापित किया / राजेन्द्र I ने शैलेन्द्र साम्राज्य को हराया /

(2) कंबोडिया का अंकोरवाट मंदिर दुनिया मे भगवान विष्णु

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

का सबसे वृहत मंदिर है जिसका निर्माण भारत ने किया।

(3) अशोक ने धम्म की नीति के लिए अपने दूत भेजे जिससे द.पूर्व एशिया में बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार हुआ

(4) थाइलैंड की राजधानी आयुथिया का नाम भारत के श्रीराम की राजधानी अयोध्या पर आधारित था।

(5) इण्डोनेशिया में रामायण की कथा व रामलीला का आयोजन

(6) जावा द्वीप पर बौद्ध मंदिर का निर्माण



drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(7) पाल राजाओं ने भी बौद्ध धर्म का प्रचार द.पूर्व एशिया मे किया।

(8) भारत के नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी मे द.पूर्व एशिया के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आए।

(9) बौद्ध धर्म की हीनयान शाखा का विकास म्यांमार मे बौद्ध धर्म के लिए उत्तरदायी है

(10) भारत के गिरमिटिया मजदूरों (ब्रिटिश काल के समय) ने वहाँ पर अपनी अलग पहचान बनायी। जैसे- वर्तमान मे सिंगापुर राष्ट्रपति भारतीय है

अतः वर्तमान मे हमारी विदेश नीति मे हमारे व्यापार के लिए यह बिन्दु महत्वपूर्ण है साथ ही यह हमारी समृद्ध विरासत का प्रतीक है

18. "जितना अधिक मैं इस अवधि का अध्ययन करता हूँ, उतना ही अधिक मैं आश्वस्त होता हूँ कि सैन्य अक्षमता साम्राज्य के अंतिम पतन का मुख्य कारण था, यद्यपि यह एकमात्र कारण नहीं था" मुगल साम्राज्य के पतन के संदर्भ में इस कथन पर चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 15

"The more I study the period, the more I am convinced that military inefficiency was the principal, if not the sole cause of empire's final collapse." Discuss the statement with reference to the fall of Mughal Empire. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

मुगल साम्राज्य जिसका उत्थान 1526 के पानीपत के प्रथम युद्ध के साथ हुआ वह 1707 मे औरंगजेब की मृत्यु के साथ उसका अवसान हो गया। सैन्य अक्षमता एक कारण थी इसके अतिरिक्त अन्य कारण भी उत्तरदायी थे।

- सैन्य अक्षमता → औरंगजेब के बाद यह पूर्णतः धराशायी हो गयी। दक्षिण प्रांत के युद्धों (गोलकुण्डा आदि) ने इसे क्षीण कर दिया। रही सही असर सूबेदारों के विद्रोहो ने पूरी कर दी।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(अन्य कारण) —

• आर्थिक ह्रास → मुगल साम्राज्य का अकबर के समय उत्थान का कारण उसकी सफल व प्रबंधित लगान व्य राजस्व नीति थी परंतु 1707 के बाद यह कुप्रबंधन में तब्दील।

• नए राज्यों का निर्माण एवं विद्रोह → अभी तक मुगल साम्राज्य केन्द्रीयकरण के द्वारा अपनी शक्ति बनाए हुए था। परंतु निजामुल मुल्क द्वारा हैदराबाद, अली वर्दी खाँ ने बंगाल जैसे स्वतंत्र सूबों की स्थापना की।

• लूट व आक्रमण → नादिरशाह का 1739 में आक्रमण तथा फिर अहमदशाह अब्दाली के आक्रमण ने रही सही कसर पूरी कर दी।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

- मराठा साम्राज्य से लगातार हमला शिवाजी के समय से ही मुगलों के लिए यह एक चुनौती थी। जिसे पेशवा बाजीराव ने दिल्ली जीतकर पूरा किया।

- जाट आक्रमण → आगरा, मथुरा के आस-पास
  ↳ गोकुल जाट

- ब्रिटिश नीति → 1757 के प्लासी युद्ध व फिर 1964 के बक्सर युद्ध ने मुगल साम्राज्य को दिल्ली तक सीमित कर दिया।

अत: 1857 की क्रांति के बाद बहादुर शाह जफर की मृत्यु के बाद बचा कुचा मुगल साम्राज्य का प्रतीक भी खत्म हुआ और ब्रिटिश क्राउन की स्थापना हुई।

19. क्षोभमंडल एक महत्त्वपूर्ण वायुमंडलीय परत है, जो मौसम प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। व्याख्या कीजिये। (250 शब्द) 15

The troposphere is a critical atmospheric layer that governs weather processes. Explain. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

वायुमण्डल में क्षोभमण्डल सबसे निचली परत है। वायुमण्डल के निर्माण के समय से ही यह मनुष्य के रहने व विभिन्न मौसमी प्रक्रियाओं के लिए उत्तरदायी है।




**मौसमी प्रक्रियाओं को नियंत्रित**

(1) यह बादलों के निर्माण में सहायक है जो वर्षा के लिए उत्तरदायी है।

(2) चक्रवात, प्रतिचक्रवात के लिए उत्तरदायी

(3) यह मौसम को नियंत्रित करती

(4) यह धूल भरी आंधियों के लिए उत्तरदायी है

(5) पार्थिव विकिरण से यह गर्म होती।




(6) यह तापमान व्युत्क्रमण के लिए उत्तरदायी है जिससे- ओस, पाला, कुहरे का निर्माण

↳ दिल्ली में विषैले स्मोग के लिए

(7) यह निचली जेट धाराओं का निर्माण करती

(8) कनाडा, अमेरिका में पड़ने वाले (ओमेगा ब्लॉक) शीत लहरी

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(9) यह लू, हरमट्टन, सिरोको, चिनूक जैसी स्थानीय व असामयिक पवनों के निर्माण के लिए उत्तरदायी

(10) यह विभिन्न भू रासायनिक चक्र यथा कार्बन डाई ऑक्साइड, सल्फर चक्र के निर्माण करती

(11) यह वायुप्रदूषण के लिए उत्तरदायी

(12) क्षोभमण्डलीय ओजोन मनुष्य के लिए हानिकारक।

अंत: क्षोभमण्डल एक मिश्रित गैसीय परत है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन ने इसमें चुनौतियों को बढ़ाया है एवं बदलते अनुपात ने इसकी प्रकृति मे परिवर्तन ~~किया~~ है।

20. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के लिये समर्थन जुटाने वाले पहले अखिल भारतीय संगठनों में से एक थी। हालाँकि इसकी स्थापना से पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न राष्ट्रवादी संगठन मौजूद थे। भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डालिये। (250 शब्द) 15

Indian National Congress was one of the first pan-India organizations to mobilize support for Indian national movement. However, even before its founding, various nationalist bodies did exist in different parts of the country. Highlight their contributions towards Indian Nationalist movement. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में मुंबई में हुई। इससे पहले भारत में अनेक क्षेत्रीय व राष्ट्रवादी संगठन मौजूद थे जो अपनी राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक मांगों को आगे बढ़ा रहे थे।

**उनका योगदान →**

① प्रथम संगठन लैंडहोल्डर्स सोसायटी ने जमींदारों के अधिकारों को बढ़ाया

② ब्रह्म सभा/समाज (1828) ने मूर्तिपूजा, बहुविवाहिता, धार्मिक कर्मकांड का विरोध किया।

पश्चिमी शिक्षा, महिला अधिकारों का समर्थन किया।

(3) आर्य समाज (1875) ने हिन्दू संस्कृति का मार्ग तैयार किया।

(4) ईस्ट इण्डिया एसोसियेशन भारतीयों के राजनैतिक अधिकारों की वकालत कर रहा था।

(5) प्रार्थना सभा ने महिला अधिकार समर्थन जातिवाद का विरोध किया।

(6) रामकृष्ण मिशन सामाजिक कल्याण कर रहा था।

(7) ब्रिटिश एसोसियेशन दादा भाई नैरोजी का भारतीयों के अधिकारों की वकालत की।

(8) पूना सार्वजनिक सभा भी पहले से कार्य कर रही थी।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अतः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना इन संगठनों की मांगों व आवाज़ को आगे अखिल भारतीय स्तर पर आवाज़ थी।

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**